तेरे कैलाशो में डमरूँ बजते तेरे नाम के

तेरे कैलाशो में डमरूँ,
बजते तेरे नाम के,
चाँद तारे और सूरज,
चलते तेरे नाम से,
ओ मेरे भोले बाबा,
हमको भी बुला लेना,
सर पे मेरे हाथ रख के,
बिगड़ी मेरी बना देना,
जय हो मेरे भोले बाबा,
जय हो मेरे शंकरा,
जय हो मेरे भोले बाबा,
जय हो मेरे शंकरा……..

दर पे तेरे आये जो भी,
सबके दुखड़े सुनता है,
जपते हैं जो नाम तेरा,
कष्ट उनके हरता है,
मैं भी भोले शरण तेरी,
मुझको भी अपना लेना,
फिर रहा हूँ, दर-बदर मैं,
आके अपना बना लेना,
जय हो मेरे भोले बाबा,
जय हो मेरे शंकरा….

देवों के देव तुम हो,
मेरे महादेवा,
भगतों के देते दरस जो,
करें तेरी सेवा,
दिल में मेरे तुम ही भोले,
दिल से दिल को लगा लेना,
प्यार मेरा तुम ही भोले,
प्यार को तुम बढ़ा देना,
जय हो मेरे भोले बाबा,
जय हो मेरे शंकरा….

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29014/title/tere-kailasho-me-damru-bajte-tere-naam-ke

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |